प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मंडी परिषद भवन, 16–ए0पी0सेन रोड, लखनऊ,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–लखनऊ,
उत्तर प्रदेश,

पत्रांक SPMU/NHM / QA/SSVISIT/50/2022–23/18507 दिनांकः 10.02.2023

विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा माह जनवरी 2023 में किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2022–23 / 04 / 2566–2 दिनांक–19.07.2022) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 23 से 25 जनवरी 2023 तक जनपद लखनऊ का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद के स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के कम में आपसे अपेक्षा है कि संबंधित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुये अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।

भवदीया,
(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक SPMU/NHM / QA/SSVISIT/50/2022–23/ तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ, उ0प्र0।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, लखनऊ मण्डल।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, लखनऊ मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अर्चना वर्मा)
मण्डलीय नोडल अधिकारी,
लखनऊ मण्डल,
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मंडी परिषद भवन, 16–ए0पी0सेन रोड, लखनऊ,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–लखनऊ,
उत्तर प्रदेश,

पत्रांक SPMU/NHM / QA/SSVISIT/50/2022–23 दिनांकः 10.02.2023

विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा माह जनवरी 2023 में किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक–19.07.2022) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 23 से 25 जनवरी 2023 तक जनपद लखनऊ का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद के स्थलीय पर्यवक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

उक्त के कम में आपसे अपेक्षा है कि संबंधित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुये अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः पर्यवेक्षण आख्या।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक SPMU/NHM / QA/SSVISIT/50/2022–23/ 8507 तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ, उ0प्र0।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, लखनऊ मण्डल।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, लखनऊ मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अर्चना वर्मा)
मण्डलीय नोडल अधिकारी,
लखनऊ मण्डल,
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

दिनांक 23 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक जनपद--लखनऊ की भ्रमण आख्या

मिशन निदेशक महोदया द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 23–25जनवरी, 2023, जनपद लखनऊ में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु भ्रमण किया गया। भ्रमण टीम मेंडा0 अर्चना वर्मा, महाप्रबंधक,क्वालिटी एसोरेन्स, डा0 अनीता कुमारी, सलाहकार, कम्युनिटी प्रोसेस एवं पल्लवी पाण्डेय, प्रोक्योरमेन्ट, द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीयक्वालिटी एसोरेन्स, के अधिकारियों द्वारा भी उक्त भ्रमण में सहयोग प्रदान किया गया। जनपद स्तरीय स्तरीय अधिकारियों द्वारा भ्रमण मे सहयोग प्रदान नही किया गया। ब्लॉक स्तरीय VHND सत्र के दौरान टीम के साथ BCPMद्वारा सहयोगप्रदान नही किया।

कार्यक्रमानुसार भ्रमण का विवरणः–

1. वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय, लखनऊ
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – मलिहाबाद
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–कसमण्डीकला
4. HWCउपकेन्द्र – खालिसपुर
5. गॉव –घनश्यामपुर

मुख्य बिन्दु–

❖ **दिनांक– 23.02.2023 वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय, लखनऊ–**

विभाग–रेडियोलॉजी अनुभाग–

डॉ0 विवेक गुप्ता, रेडियोलॉजिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि रेडियोलॉजी उपकरणों के लिए क्वालिटी कन्ट्रोल, कैलीब्रेशन रिपोर्ट विगत कतिपय माह से साइरिक्स हेल्थकेयर के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में टीम के द्वारा साइरिक्स हेल्थकेयर से सम्पर्क स्थापित करते हुए Preventive maintenance report, Quality Control report & Calibration report हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई गई। यह रिपोर्ट NQAS Assessment हेतु स्वास्थ्य इकाई के लिए लाभदायक रहेगी।

- **अल्ट्रासाउण्ड इकाई हेतु–**

  डॉ0 विवेक गुप्ता, रेडियोलॉजिस्ट द्वारा अनुरोध किया गया कि स्थापित अल्ट्रासाउण्ड मशीन में 3D एवं 4D की एप्लीकेशन पर ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाए। इस सम्बन्ध में M/s Mindray एवं M/s Cyrix Healthcare द्वारा संयुक्त रूप से ट्रेनिंग प्रदान किये जाने पर टीम द्वारा निर्देशित किया गया। उक्त दोनों फर्मों द्वारा आश्वासित किया गया कि 01 माह के अन्दर रेडियोलॉजी अनुभाग के डॉक्टर एवं टैक्नीशियन को एप्लीकेशन पर ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

- **एक्सरे इकाई हेतु–**

  डॉ0 विवेक गुप्ता, रेडियोलॉजिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2015 में 1000 MA की डिजिटल एक्सरे मशीन की स्थापना की गई थी, जिसका वारन्टी का समय समाप्त हो चुका है। अब इस उपकरण का रख–रखाव का कार्य मेसर्स साइरिक्स हेल्थकेयर द्वारा किया जा रहा है। एक्सरे उपकरण का यू0पी0एस0 एवं स्टैब्लाइजर कुछ माह से खराब है। इस सम्बन्ध में टीम द्वारा मेसर्स साइरिक्स

केयर को शिकायत दर्ज कराई गई और यू0पी0एस0 एवं स्टैब्लाइजर को क्रियाशील कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

- **एम्बुलेंस सेवाएं हेतु–**

स्वास्थ्य इकाई वीरांगना अवन्तीबाई जिला महिला चिकित्सालय, लखनऊ की एम्बुलेंस में लगभग 80 प्रतिशत इमरजेंसी औषधि–Oxytocin, Epinephrine, Atropine, Sodium bicarbonate, Dopamine and Vasopressin जैसी अति आवश्यक औषधियां कालातीत पाई गईं। इस हेतु टीम द्वारा डॉ0 सीमा श्रीवास्तव, प्रभारी अधीक्षक से श्री पवन शर्मा, फार्मासिस्ट एम्बुलेंस को चेतावनी पत्र/कारण बताओं नोटिस निर्गत किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

- **स्वास्थ्य इकाई में उपलब्ध उपकरणों हेतु–**

स्वास्थ्य इकाई में मैसर्स साइरिक्स हेल्थकेयर द्वारा मैप की गई उपकरणों की सूची चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 अरूणा सिंह के साथ साझा की गई। साथ ही उन्हें नये उपकरणों के मैपिंग की सूची भी उपलब्ध कराई गई। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि स्वास्थ्य इकाई में कई उपकरणों को Condemn किया जाना है। इस सम्बन्ध में टीम द्वारा बायोमेडिकल इक्यूपमेंट मेन्टीनेंस कार्यक्रम के पोर्टल पर उपलब्ध इकाई के Beyond Economic Repair वाले उपकरणों की सूची डाउनलोड कर उपलब्ध कराई गई। साथ ही अवगत कराया गया कि अपने स्तर पर एक समिति का गठन करें, जिसमें मेसर्स साइरिक्स हेल्थकेयर के टैक्निकल सहयोग हेतु सम्मिलित करें।

- **रोगी कल्याण समिति–**

राज्य द्वारा उपलब्ध कराये गयेंरोगी कल्याण समिति का रजिस्टर उपलब्ध था, कार्यकारी समिती की बैठक प्रत्येक माह की जा रही थी और उस रजिस्टर मे कार्यवृत्ति भी लिखी जा रही थी, परन्तु शासी निकाय और अनुश्रवण समिति की बैठक नही की जा रही है। इस हेतु प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिक्षिका को अवगत कराया।

गतिविधियां	अवलोकन बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
लेबर रूम	• चिकित्सालय के लेबर रूम में नवजात शिशु के बजन मापने वाली मशीन कैलीब्रेशन उपरान्त भी माप सही नही पाया गया । • लेबर रूम में उपलब्ध 06 लेबर टेबल में से 02 टेबल पुरानी स्पेसिफिकेशन की है जो कि	• सायरिक्स कम्पनी को शिकायत दर्ज कराके मशीन के द्वारा सही माप लिया जाना सुनिश्चित किया जायें। • नवीन स्पेसिफिकेशन के अनुसार लेबर टेबल का प्रोक्योरमेंट कर लेबर रूम में उपलब्ध किया	